तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 28 मार्च 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

11 नकदी, आभूषण, मदिरा और सामान...



12 सहायक रिटर्निंग आफिसर और एसडीएम ...



## खबर संक्षेप

### मनरेगा के श्रमिकों को दिलाई मतदान की शपथ



**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में चारामा विकासखंड के ग्राम बारगरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्वीप के तहत ग्राम पंचायत बारगरी में आयोजित कार्यक्रम में मनरेगा के तहत कार्य कर रहे श्रमिकों को मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान दिवस के दिन अनिवार्य रूप मतदान करने के लिए जनपद पंचायत के सीईओ ने शपथ भी दिलाई गई।

### दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मिलेगी निःशुल्क परिवहन सुविधा

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान दिवस 26 अप्रैल को दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान के पश्चात वापस उन्हें घर तक छोड़ने के लिए निःशुल्क वाहन मतदाता रथ की व्यवस्था की जाएगी। जिले के ऐसे दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाता जो मतदान केन्द्र तक पहुंचने में असमर्थ हैं, वे निःशुल्क परिवहन की सुविधा के लिए वाहन बुक करने के लिए टोल फ्री नंबर 1950 में संपर्क कर सकते हैं।

### इलाज के दौरान बच्चे की हुई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत साबेर निवासी 9 वर्षीय निशा मंडल पिता विष्णुदेव की इलाज के दौरान 25 मार्च को पखांजुर के अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड ब्वाय द्वारा अस्पताली मेमो बांदे थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जब्ती के मामले में आम नागरिकों के शिकायतों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार स्थैतिक निगरानी दलों, उड़नदस्ता दलों अथवा पुलिस द्वारा जब्ती के प्रत्येक मामले के संबंध में मानक प्रचालन प्रक्रिया अनुसार जिसकी कोई प्राथमिकी अथवा शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहां जब्ती किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल या किसी निर्वाचन अभियान से जुड़ी हुई हो, जिसके परिप्रेक्ष्य में आम जनता तथा सभी व्यक्तियों को असुविधा से बचने या उनकी शिकायतों के निराकरण उक्त समिति द्वारा किया जाएगा। इस समिति में नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला कोषालय अधिकारी सम्मिलित हैं।

### कुएं से महिला का शव बरामद

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सलियापारा के कुआ से 25 मार्च को अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सलियापारा के कुआ में कूदकर आत्महत्या कर लिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## चुनाव : कांग्रेस के अन्य दावेदार नाराज, वरिष्ठ कांग्रेसी करेंगे साधने का काम

# कांग्रेस ने अंततः बीरेश पर लगाया दांव भाजपा के नाग से होगी जोरदार टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की कृपा से मिला लोकसभा का टिकट
- अंचल में हल्बा समाज को दो लाख मतदाता होंगे निर्णायक भूमिका में

कांग्रेस से लंबे समय से लोकसभा व विधानसभा के लिए टिकट माँगने वाले नरेश ठाकुर को टिकट इस बार भी नहीं मिली और पिछले चुनाव में लोकसभा में लगभग 6 हजार वोट से हारने वाले बीरेश ठाकुर पर कांग्रेस ने फिर से दांव लगाया है, परिणाम क्या होगा, यह कह पाना मुश्किल है, परंतु टक्कर होने की बात जरूर आ रही है। लोकसभा में टक्कर इस बार भाजपा के भोजराज नाग और कांग्रेस से बीरेश ठाकुर के मध्य होगी।

कांकेर लोकसभा से कांग्रेस से कई नाम की चर्चाएं जोरो पर थी,





जिसमें तीन नाम कांकेर लोकसभा के बाहर से थे और एक नाम बीरेश ठाकुर कांकेर लोकसभा के ही निवासी है और कई बार से दावेदारी कर रहे है। ऐसी चर्चा है कि कांग्रेस के जो भी नाराज दावेदार होंगे, उनको मनाने का काम वरिष्ठ कांग्रेसी करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की बरदहस्त बीरेश ठाकुर पर होने के चलते फिर से लोकसभा की टिकट मिल गई, टिकट मिलने की घोषणा 26 मार्च को देर शाम हुई और इसी दिन भूपेश बघेल जगदलपुर जाते समय कुछ समय के लिए चारामा में विधायक सावित्री मंडावी के निवास और उसके बाद कांकेर में राजीव गाँधी भवन यानी जिला कांग्रेस कार्यालय रूके थे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। कांग्रेस के उपस्थित वरिष्ठ नेताओं की मानें तो उनका कहना था कि बार बार समय बदलने के कारण ही भीड़ नहीं जुट पाई, मुश्किल से 50 लोग ही जुट पाएं थे। पूर्व सीएम के स्वागत व मिलने के लिए जुटी भीड़ जैसी होनी चाहिए, वैसी नहीं हो पाई, कई जिम्मेदारी पदाधिकारी नजर नहीं आएं, उनकें नहीं आने का कारण वहीं समझ सकते है। कांग्रेस को कोसने वाले कई चेहरे जरूर भटकते हुए नजर आएं।

### हमारी जीत पक्की है

*कांग्रेस के प्रत्याशी बीरेश ठाकुर का कहना था कि भाजपा के द्वारा पहले प्रत्याशी घोषित कर दिया गया था, परंतु उससे उनको कोई लाभ मिलने वाला नहीं है। मैं विगत पाँच वर्षो से पूरे लोकसभा में भ्रमण करते आ रहा हूँ और सभी से संपर्क है, इसलिए समय की कोई दिक्कत नहीं है। भाजपा ने जो प्रत्याशी दिया है, उससे सभी वाकिफ है, उनके यहाँ ज्यादा नाराजगी है, हमारे यहाँ किसी भी तरह की कोई नाराजगी नहीं है। हम सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे और हमारी जीत पक्की है।*

### हल्बा समाज की होगी अहम भूमिका

*भाजपा व कांग्रेस से हल्बा समाज से दावेदारों ने दावेदारी किया था, परंतु भाजपा व कांग्रेस ने हल्बा समाज से प्रत्याशी न उतारकर गौंड समाज से प्रत्याशी घोषित किया है। हल्बा समाज का वोट आठों विधानसभा में नजर डाली जाएं तो लगभग दो लाख के आसपास है। हल्बा समाज के वोट को खींचने के लिए भाजपा व कांग्रेस पूरी तरह से जुगत लगाने का प्रयास करेंगे। हल्बा समाज से कांग्रेस के पास पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया है वहीं भाजपा की ओर से इन 8 विधानसभा में कोई बड़ा चेहरा नहीं है। कांकेर जिला में भाजपा संगठन की कमान हल्बा समाज से जुड़े सतीश लाटिया के पास है, यह कितनी मेहनत कर भाजपा को हल्बा समाज को वोट दिला पाते है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।*

## होली खेलने के बाद दसपुर डेम में नहाने गए युवक की डूबने से मौत, छाया मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- दो लोग डेम में डूबते हुए नजर आए उनको बचाया गया

होली खेलने के बाद दसपुर के पास डेम में नहाने के लिए कांकेर के शिव नगर से लगभग 10 से 12 युवा 25 मार्च को नहाने के उतरे। डेम में नहाने के दौरान डूबने से बचाने की चिल्लाने की आवाज आने पर साथियों ने दो लोगों को डूबते हुए बचाया और प्रवीण के नजर नहीं आने पर उसकी खोजबीन शुरू किया। डेम में गहराई वाले स्थल में प्रवीण मिला और उसके साथी डेम से निकालकर सीधे स्कूटी से जिला अस्पताल लेकर पहुँचे। चिकित्सकों ने जाँच किया और उसे मृत बताया। परिजनों की खबर मिलने पर परिवार में मातम छा गया।

मामले की जाँच कर रहे कांकेर थाना की पुलिस ने बताया कि अस्पताल से डेम में डूबकर मृत्यु होने की जानकारी मिलने पर मर्ग पंचनामा बनाया और पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। पुलिस को मृतक के परिजनों से पता चला कि होली खेलने के लिए अपने दोस्तों के साथ गया था



### विवेचना के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा

कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि शव का पंचनामा कर पीएम करवाकर शव को परिजनों को दिया गया वहीं मामले की विवेचना जारी है। मृतक के साथ गए साथियों से पूछताछ किया जाएगा, उसके बाद ही घटना कैसे हुई, पूरी तरह से तभी स्पष्ट हो पाएगा।

और दोपहर बाद लगभग 4 बजे उसके डूबकर मरने की खबर आई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि 10 से 12 साथियों के साथ दसपुर डेम की ओर गया था, उसके साथियों के अनुसार पहले दो लोग डेम में डूबते हुए नजर आएं, उनको बचाया गया और उसके बाद जब डेम से बाहर आएं तो किसी ने कहा कि प्रवीण नहीं है, वो शायद डूब गया है, उसे खोजने के लिए उसके साथी डेम में फिर से उतरे और उसे खोजा। डेम के पास एक गहराई में उसका हाथ टकराया, जिसे निकाला गया। स्कूटी से उसे ईलाज ▶▶| शेष पेज 10 पर

## असीम हत्याकांड में ढाई माह बाद आरोपी बाबू हालदार जेल दाखिल

**पखांजुर।** भाजपा नेता असीम राय की हत्या के लगभग ढाई माह बाद इस मामले में एक अन्य आरोपी प्रदीप उर्फ बाबू हालदार को भी आरोपी बनाया गया है और इसे भी 24 मार्च को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया। पखांजुरवासियों और उसके ग्राम के ईलाकों को पहले से संदेह था, परंतु पुलिस ने गिरफ्तारी में देरी क्यों किया, यह प्रश्न सभी के जेहन में बना हुआ है। इस मामले में पूर्व में 13 आरोपी ढाई माह से जेल में है।

पखांजुर पुलिस का कहना है कि भाजपा नेता असीम राय की 7 जनवरी को हुई हत्या की जाँच में यह पाया गया कि इस हत्या में पीव्ही 25 रामकृषपुर निवासी 56 वर्षीय प्रदीप उर्फ बाबु हालदार पिता स्व. रमेश हालदार में शामिल था और उसने



षडयंत्र के तहत हत्या के कुछ दिन पहले महाराष्ट्र के किसी अस्पताल में भर्ती होकर ईलाज करवा रहा था। हाईप्रोफाईल हत्या में उसी समय पखांजुर के कुछ लोगों ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल को बताया था कि इस हत्या में प्रदीप हालदार भीा शामिल हो सकता है, उनका कहना था कि अभी इस तरह का कोई सबूत नहीं मिला है, वो महाराष्ट्र के किसी अस्पताल में ईलाज करवा रहा है। पखांजुर के जिन लोगों ने ढाई माह पहले आशंका जताया था, उनकी आशंकाओं को ▶▶| शेष पेज 10 पर

## 3 विस के ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। इसके लिए जिले में स्थित तीनों विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर के मतदान केन्द्रों में भेजे जाने वाली ईव्हीएम मशीनों के प्रथम चरण का रैण्डमाइजेशन जिला कार्यालय के सभा कक्ष में सम्पन्न हुआ। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के द्वारा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में रैण्डमाइजेशन का कार्य सम्पन्न हुआ।

जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 727 मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम मशीन के माध्यम से वोटिंग के लिए रैण्डमाइजेशन किया गया। इनमें अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 79 में 221 मतदान केन्द्र, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 80 में 266 और कांकेर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 81 में 240 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। ईव्हीएम मशीनों का रैण्डमाइजेशन के उपरांत अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 271-271 कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट और 346 व्हीव्हीपैट का रैण्डमाइज हुआ। इसी तरह भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए 327-327 कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट तथा 417 व्हीव्हीपैट और कांकेर विधानसभा क्षेत्र के लिए 295-295 कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट के अलावा 376 व्हीव्हीपैट मशीनों का रैण्डमाइजेशन ▶▶| शेष पेज 10 पर

## भाजपा के लोस प्रत्याशी नाग ने हरिचांद गुरुचांद मंदिर में माथा टेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छोटे कापसी

- प्रेमनगर पहुंच लिया आशीर्वाद

भारतीय जनता पार्टी के कांकेर लोकसभा अधिकृत प्रत्याशी भोजराज नाग मंगलवार को प्रेमनगर पीवी 34 पहुँचे जहां भाजपा कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं ने पुष्पगुच्छ व गाजे बाजे से भव्य स्वागत किया। स्वागत उपरांत भोजराज नाग हरिचांद गुरुचांद मंदिर में हिंदू रीति रिवाज से पूजा अर्चना कर माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। भोजराज नाग ने कार्यकर्ताओं से कहा कि राजनीति के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी राष्ट्रीय पार्टी ने एक आदिवासी बैगा को लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। पीवी 34 प्रेमनगर पहुँचे लोकसभा अधिकृत प्रत्याशी भोजराज नाग ने कहा कि मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाकर इतनी बड़ी जिम्मेदारी केंद्रीय नेतृत्व ने सौंपी है। इस



विश्वास और जिम्मेदारी का पूरी तन्मयता से निर्वहन करुंगा। उन्होंने प्रत्याशी बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि किसी पार्टी के सामान्य कार्यकर्ता के लिए इससे बड़ा कोई और सम्मान नहीं हो सकता। मुझे आप सभी का आशीर्वाद चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जपं अध्यक्ष नोहर सिंह उसेंडी, पूर्व भाजपा मंडल कापसी अध्यक्ष जंगबधु विस्वास, वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वतंत्र नामदेव, मानेश्वर नाग, संजय साहा, अनुकूल मंडल, बबला मेत्रो, प्रेम नगर सरपंच रमेन मंडल, ग्राम प्रमुख लेलिन साना, मंदिर पुजारी बेंकुंठ, प्रदीप हालदार एवं भाजपा कार्यकर्ता समेत ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बांस से जानलेवा हमला, किसान की हालत गंभीर

**कांकेर।** पीव्ही 18 मायापुर में सामान की बात को लेकर आरोपी ने किसान के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। हमले से किसान की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल किसान के बेटे ने इसकी शिकायत किया है, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 18 मायापुर निवासी 34 वर्षीय गौतम दास पिता नित्य गोपाल दास ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं और 25 मार्च की सुबह साढ़े 11 बजे मैं और मेरे पिता नित्य गोपाल दास खेत में काम कर रहे थे। मैने अपने पिता से बोला कि आप घर पर जाओ और खाना खाकर कीर्तन का सामान विपुल जयधर के घर से लेकर उत्सव



में छोड़ देना । मेरे पिता खाना खाकर कीर्तन का सामान लेने विपुल जयधर के घर जा रहे थे। रास्ते में मोन्टू मण्डल के घर के सामने पहुचे थे कि लगभग दोपहर 12 बजें रास्ते में असीम चौधरी मिला और कीर्तन के सामान को मांगने लगा। मेरे पिता ने बोला मेरे पास अभी सामान नहीं है, तब आरोपी ने मुझे सामान नहीं दे रहे हो बोलकर गाली गलौच करने लगा। पिता ने गाली देने से मना किया तो आरोपी असीम चौधरी जान से मारने की नियत से मोटे बांस की लकड़ी से मेरे पिता के सिर में पीछे से वार कर दिया और वहाँ पर मौजूद अजीत बैद्य के द्वारा बीच बचाव किया गया, लेकिन आरोपी के हमले से अजीत बैद्य के हाथ में भी चोट आया। दूसरी बार सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे मेरे पिता नीचे जमीन पर गिर गए, यदि अजीत बैद्य बीच बचाव नहीं करता तो मेरे पिता को वहां जान से मार ही डालता। असीम चौधरी के द्वारा लगातार डण्डे से मारने पर सिर, दाहिने कंधे पर चोट आया व खून निकलने लगा और वह बेहोश हो गया था। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## मतदान के लिए स्वीप सहेलियां कर रहीं प्रेरित





**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर और स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में कांकेर एवं दुगुकोंदल विकासखण्ड के गांवों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और स्वसहायता समूह की महिलाएं स्वीप सहेली के रूप में गांव-गांव में रैली एवं रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं। साथ ही चलो मतदान केन्द्र की ओर का नारा लगाते हुए सभी मतदाताओं को मतदान के दिन मतदान केंद्र में जाकर अनिवार्य रूप से वोट करने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।

## आंखीहर्रा में दबिश, ढाई हजार जब्त, 4 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- जुआ एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

नरहरपुर थानांतर्गत आंखीहर्रा से कोचवाही जाने वाले रास्ते में कुछ लोगों द्वारा रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलने की जानकारी पुलिस को मुखबिर से मिली। पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 4 जुआरियों को धर दबोचा व उनके कब्जे से 2 हजार 650 रुपए को जब्त कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस से मुखबिर से जानकारी मिली कि 25 मार्च की दोपहर 2 बजे आंखीहर्रा से कोचवाही जाने वाले मार्ग पर कुछ लोग रुपए पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मुखबिर की जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत इलाके की घेराबंदी किया। कार्यवाही के दौरान



पुलिस को आता देख जुआरी भागने का प्रयास कर रहे थे।

पुलिस ने जुआ खेल रहे जुआरियों 24 वर्षीय सुनील यादव पिता सिंग राय, 23 वर्षीय जेठूराम यादव पिता स्व. गिरवर, 34 वर्षीय मिलकार मंडावी पिता नवलूराम और 38 वर्षीय मनबहल गोटा पिता विष्णुराम सभी आंखीहर्रा निवासी को दौड़ाकर पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से ताश के 52 पत्ती, प्लास्टिक बोरी और नकद 2 हजार 650 रुपए को जब्त कर धारा 3 (2) छग जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## पूर्व सीएम ने कहा केंद्र सरकार डराकर व बदनाम कर चुनाव लड़ रही

# स्लीपर सेल की तरह काम करने वालों को कांग्रेस ने किया आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- 375 से ज्यादा लोग चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल कर सकते हैं

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कांकेर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस में कुछ स्लीपर सेल है, जिसे निकाल दिया गया है। स्लीपर सेल शब्द का प्रयोग सामन्यतया आतंकवादी व नक्सली संगठन में काम करने वालों के लिए उपयोग में लाया जाता है। उन्होने यह भी कहा कि हम लोगों को जागरूक कर रहे है कि 375 से ज्यादा लोग चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल करें, जिससे वोटिंग मतपत्र के माध्यम से हो सके।

जगदलपुर में आयोजित लोकसभा प्रत्याशी कवासी लखमा की नामांकन रैली में शामिल होने के निकले पूर्व सीएम 26 मार्च को कुछ समय के लिए कांकेर में रूके थे। उन्होने कहा कि कांकेर में राजीव भवन बनने के बाद पहली बार आया हूँ। पूर्व सीएम से पूछा गया कि आपकी सभा में कांग्रेस नेता ने कई प्रकार के बयानबाजी किया, इस पर उनका कहना था कि एक बार वो पहले भी कांग्रेस से निष्कासित हो चुका है और दूसरे क्षेत्र में जाकर जिला पंचायत चुनाव लड़ा था, उसे निकाल दिया गया है। कांग्रेस में कुछ स्लीपर सेल है, उनको कांग्रेस से बाहर का रास्त दिखाया जा रहा है। मीडिया ने यह जानना चाहा कि इस तरह के और भी स्लीपर सेल चिन्हांकित किए गए है तो उनका कहना था कि सामने आएंगे तो उनको भी बाहर किया जाएगा। ईव्हीएम के बारे में लोगों को ज्यादा ज्ञान नहीं होता है। आप मोबाईल चलाते है लेकिन मोबाईल के सारे के फिचर्स के बारे में अधिकांश लोग नही जानते है, यह भी उसी प्रकार की मशीन है, जिसके



बारे में जानकारी नही है। सर्वे के हिसाब से 60-70 प्रतिशत लोग इसपे विश्वास करते है। मत पेटी है, मत पेटी को कोई देख के बता देगा कि यह खाली है, लेकिन ईव्हीएममें ऐसी बात नही है। देश के सभी राष्ट्रीय दलों ने ईव्हीएम से मतदान बंद करने की माँग चुनाव आयोग से किया है, परंतु कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है। मैं अभी पाटन कांग्रेस कमेटी की बैठक थी, अभी वहीं से आ रहा हूं। बैठक में बात आई कि ईव्हीएम में मतदान नही होना चाहिए, चूकिं चुनाव आयोग की बेवसाईट में यह बात है कि 384 प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर दे और नाम वापिस न ले, तभी मतदान मतपत्र से होगा। सुप्रीम कोर्ट या इलेक्शन कमीशन जो काम नही कर सकते, वो यहाँ की जनता कर सकती है। 384 लोग नामांकन दाखिल कर दिए और नाम वापिस नही लिए ▶▶| शेष पेज 10 पर

हरिभूमि
पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

**खबर संक्षेप**

## शिक्षकों ने बच्चों के साथ खेली होली



**भोंड।** रंगों का त्यौहार होली पर्व पर विकासखंड बस्तर के माध्यमिक शाला कुड़कानार के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मंगलवार को होली मिलन समारोह आयोजित कर बच्चों के साथ होली खेली। शाला के प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने बताया यह विशेष आयोजन बच्चों के संग मिल कर रंगों का त्यौहार शाला प्रांगण में मनाया गया। साथ ही बच्चों ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के साथ होली खेलकर उन्हें जागरूक करना एवं आपसी भाई चारे को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नीरज कुमार कुन्जाम, आभा प्रीती एक्का, ममता ठाकुर, शिल्पा शार्वा, फूल सिंह यादव का सराहनीय योगदान रहा।

## दूसरे दिन पुलिस कर्मियों ने मनाई होली



**बस्तर।** बस्तर थाना पुलिस कर्मियों ने होली पर्व के दूसरे दिन मंगलवार को रंग गुलाल उड़ाकर धूमधाम से होली मनाई। पुलिस थाना परिसर में रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को पर्व की बधाई दी। सोमवार को होली पर्व पर दिन-रात क्षेत्र में पुलिस कर्मी ड्यूटी पर तैनात थे। सुरक्षा के लिए क्षेत्र में जगह-जगह चाक-चौबंद व्यवस्था के चलते कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। सड़कों पर हुड़दंग मचाने वाले भी नजर नहीं आए। लगातार पेट्रोलियम पार्टी होने से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही। वहीं होली पर्व के दूसरे दिन पुलिस कर्मियों के द्वारा रंग गुलाल खेलकर होली पर्व धूमधाम से मनाया गया।

## घर-घर पोस्ट कार्ड बांटकर मतदान करने किया प्रेरित



**दंतेवाड़ा।** आगामी लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदान का प्रतिशत बढ़ाना है। इस क्रम में प्राशा.टेकनार कोंटी पारा, शा.हाई स्कूल, माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला बालूद, नगर पालिका किरंदुल, मा. शाला एवं हाई स्कूल कावड़गांव, माध्यमिक शाला मंजार पारा एवं आंगनबाड़ी केंद्र दुगेली तथा शासकीय आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला बचेली के स्कूली छात्र-छात्राएं सहित शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सेक्टर के सुपरवाईजरों ने गांव एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को वोट पंडुम व चुनावी चिड़िया का बैनर व पोस्टर सहित लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ रैली निकाली और रंगोलियों के माध्यम से तथा पोस्ट कार्ड देकर वोट देने के लिए प्रेरित किया।

## 23 अप्रैल को होगी प्राक्चयन परीक्षा

**जगदलपुर।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल आवासीय विद्यालय में शिक्षा सत्र 2024-25 के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 21 अप्रैल तक आवेदन पत्र मंगाए गए हैं। संस्था के अंतर्गत कक्षा 6वीं में अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु 28, अनुसूचित जाति के लिए 5, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 1 और सामान्य वर्ग के लिए 1 कुल 35 सीट निर्धारित है। उक्त सीटों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 23 अप्रैल को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें सम्बन्धित अभ्यर्थी छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है। इस चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए वर्तमान शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्राएं आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी छात्राओं को बस्तर संभाग का निवासी होना अनिवार्य है, इस हेतु जाति एवं निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

# किरंदुल ठेकेदार वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव विवादों में, सदस्य दो गुटों में बंटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ किरंदुल





विवेक चंद्रा



शरद मिश्रा



अतुल सिंह

किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन का चुनाव शुरूआत से ही विवादों से घिरा हुआ है। सत्ता पक्ष के अध्यक्ष अतुल सिंह ने 17 फरवरी को चुनाव में मतदाता सूची का प्रकाशन ना करना, प्रत्याशियों का संस्था में बकाया पैसा लिए बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देना जैसे अनियमिताओं के गंभीर आरोप लगाते हुए एसडीएम बड़े बचेली विवेक चंद्रा से शिकायत की थी। एसडीएम ने चुनाव अधिकारी और संचालन कमेटी से चुनाव संबंधित शिकायत पर जवाब मांगा।

चुनाव संचालन कमेटी द्वारा बिना पैसा लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (पोस्ट डेविड चेक) एवं मतदाता सूची का प्रकाशन नहीं करना स्वीकार किया गया। तत्पश्चात एसडीएम बड़े बचेली ने 20 फरवरी को चुनाव संचालन कमेटी को किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन किरंदुल में पुनः चुनाव की कार्रवाई नियम अनुसार करने के आदेश दिए। जिससे निकट भविष्य में शांति व्यवस्था बनी रहे। जिस पर चुनाव अधिकारी दिनेश सिंह राठौर ने 22 फरवरी को सूचना जारी कर एसडीएम के आदेश अनुसार पुनः नियमानुसार चुनाव कराने के आदेश के परिपालन में 25 फरवरी को चुनाव से संबंधित होने वाली समस्त कार्रवाही को निरस्त किया था। जिससे पूरी चुनाव प्रक्रिया निरस्त हो गई थी। इस बीच चुनाव संचालन समिति को 15 मार्च को एसडीएम का पत्र आया, जिसमें उन्होंने दो आवेदकों द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि आपके द्वारा किरंदुल ठेकेदार वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव 2024 के संबंध में कार्रवाई नहीं किया गया है। जिससे चुनाव प्रक्रिया पूर्णतः निषक्रिय हो गई है। विदित हो कि किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव 2024 के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। आपकी संस्था द्वारा चुनाव संबंधित पूर्ण प्रक्रिया का पालन नहीं करना स्वीकार किया गया था, अतएव शांति व्यवस्था बनी रहे इसीलिए कार्यालयीन पत्र के माध्यम से आपको, आपके संस्था के नियम अनुसार चुनाव संबंधित पालन किए जाने की अपेक्षा किया गया था, ना कि आपको चुनाव कार्य रोकने के लिए किसी प्रकार का आदेश निर्देश दिया गया था। जिस पर चुनाव संचालन कमेटी ने बैठक कर 17 मार्च को सुबह 11 बजे चुनाव संबंधित आम सभा करने का निर्णय लिया। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव हेतु आचार संहिता के साथ धारा 144 आदेश लागू कर दिया गया। 16 मार्च को संचालन समिति ने बैठक कर आचार संहिता लगने के कारण आम सभा 17 मार्च को स्थगित कर दिया और आचार संहिता हटने के बाद आम सभा कर चुनाव करवाने का निर्णय लिया। परंतु बबलू सिद्धिकी गुट ने चुनाव संचालन कमेटी को दरकिनार कर अपने आप को अध्यक्ष, सचिव मनोनीत कर शपथ लेने की तैयारी में है। जिससे दोनों गुटों में विवाद की स्थिति बढ़ गई है।

### एसडीएम के आदेश का उल्लंघन

अतुल सिंह अध्यक्ष किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने कहा संगठन के चुनाव में बबलू सिद्धीकी एवं उनके समर्थकों द्वारा एसडीएम के आदेश का उल्लंघन किया गया है। संस्था में 24 फरवरी को बिना कोई बैठक कर, फर्जी सभा का लेटर बनाकर ठेकेदार साथियों के घर-घर जाकर साइन करवाया, जिसकी जानकारी चुनाव संचालन कमेटी को भी नहीं दिया गया। चुनाव संचालन कमेटी को दरकिनार करते हुए भवन में अपने कुछ समर्थकों के साथ आकर स्वतः अपने पैनल को विजय घोषित कर शपथ लेने का समय निर्धारण करना हास्यास्पद है। कोई भी संगठन में सभी सदस्यों की सहभागिता बहुत जरूरी है। पद और प्रतिष्ठा के लोभ में संगठन में दो गुट बना देना संगठन हित में नहीं है। मैं अपने समर्थकों के साथ ऐसे किसी भी व्यक्ति विशेष को नहीं मानते हुए, आगे कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। हम अपने सारे क्रियाकलाप यूनियन भवन में करेंगें।

### यूनियन के भविष्य के लिए ठीक नहीं

शरद मिश्रा ठेकेदार ने कहा पद और प्रतिष्ठा के लिए यूनियन दो गुटों में बट गई है। चुनाव संचालन कमेटी को दरकिनार कर दोनों गुट के लोग बिना चुनाव के अपने आप को अध्यक्ष मान रहे है, जो यूनियन के भविष्य के लिए बिलकुल ठीक नहीं है। दोनों दल के लोगों को आपस में बैठ कर मामला सुलझाना चाहिए।

### कार्रवाई की जाएगी

किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन छोटी सी अपंजीकृत संस्था है। दोनों पक्ष को आपस में बैठकर मामला सुलझाना चाहिए। अगर दोनों गुट में विवाद की स्थिति होगी, तो दोनों गुट पर नियम अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

-विवेक चंद्रा,
एसडीएम बड़े बचेली

# विधायक लखमा पहुंचे जाकिर हुसैन के घर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्टा

■ नगर उपाध्यक्ष के निधन पर किया दुख व्यक्त

पूर्व मंत्री बस्तर लोकसभा के प्रत्याशी एवं कोण्टा विधायक कवासी लखमा अपने बेहद करीबी माने जाने वाले कांग्रेस नेता जाकिर हुसैन के निधन के पश्चात उनके परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सीधे कोण्टा नगर के पंद्रह नम्बर वार्ड पुरानी बस्ती में स्थित स्वर्गीय जाकिर हुसैन के घर पहुंच शोकाकुल परिवार से मिले। उन्होंने दुख प्रकट करते हुए परिवारजनों को सांत्वना दी। पूर्व मंत्री लखमा ने जाकिर हुसैन के निधन को लेकर गहरा दुख व्यक्त करते कहा कि जाकिर की कमी हमेशा मुझे याद दिलाते रहेगी, क्यूंकि जाकिर ही एक ऐसे नेता थे, जो कि पार्टी के कामों व चुनाव जैसे माहौल में प्रचार के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। पार्टी उन्हें कभी नही भूलेगी और उनके परिवार को जो संभव मदद की आवश्यकता होगी वह करेगी। इस दौरान जाकिर हुसैन के बड़े पुत्र हसन, हसीब व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शेख मुनीर, नूर अली सहित जाकिर हुसैन के परिवार के सदस्य मौजूद थे। विधायक लखमा के साथ जिपं उपाध्यक्ष बोड्डू राजा, नपं अध्यक्ष मौसम जयां, दोरनापाल नपं अध्यक्ष बबीता मंडावी, जपं उपाध्यक्ष माड़वी देवा सहित नगर के पार्षद अम्बटी देवी, विक्की, सुरेश कुमार, सेमल कुमारी, जयप्रकाश, पत्रकार बी.मुत्याल राव एवं ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर पांडेय मौजूद थे।

## 28 से 30 मार्च तक मतदान दलों का होगा प्रथम प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन शाखा द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार मतदान दलों का विकासखण्ड स्तरीय प्रथम प्रशिक्षण 28 से 30 मार्च तक आयोजित किया गया है। मतदान दलों को सेक्टर अधिकारियों, मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके तहत 28 मार्च को स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी मिडियम स्कूल गीदम में प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक, द्वितीय पाली 2 से 5 बजे तक स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी मीडियम स्कूल दन्तेवाड़ा में, दिव्यांग, महिला मतदान कर्मी हेतु प्रातः 10 बजे से दोपहर 4.30 बजे तक, 29 मार्च को स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी मीडियम स्कूल दन्तेवाड़ा में प्रथम पाली 10 बजे से दोपहर 1 तक, द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक, 30 मार्च को स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी मिडियम स्कूल कटेकल्याण में प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक तथा इसी दिन स्वामी आत्मानंद शासकीय हिन्दी मिडियम स्कूल कुआकोंडा में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में सभी मतदान दलों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गये है।

# विधायक ने युवाओं के साथ की चाय पे चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम

युवाओं के साथ चाय पर चर्चा कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक चैतराम अटामी ने गत दिवस किया। जिसमें यूथ क्लब गीदम में युवाओं के साथ मिलकर चाय पर चर्चा की गई। जिसमें नगर के युवाओं द्वारा विधायक से चर्चा के दौरान विभिन्न मांगें रखी गई। जिसमें प्रमुख मांग महिला एवं पुरुष जिम की व्यवस्था, क्रिकेट ग्राउंड को इंडोर स्टेडियम के रूप में विकसित करना, पार्क का जीर्णोद्धार करवाते हुए तालाब के चारों तरफ पाथ वे निर्माण करना, नगर में ग्रन्थालय की व्यवस्था करना, सांस्कृतिक भवन का जीर्णोद्धार करवाना आदि शामिल है। विधायक ने युवाओं की सभी मांग को जायज बताते हुए पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया चाय पर चर्चा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आम जनों की समस्याओं को सुनना और उनकी समस्या का त्वरित निराकरण करना हैं। युवा देश के भविष्य हैं, आप लोगों के लिए बेहतर व्यवस्था प्रदान करवाना मेरा प्रमुख उद्देश्य हैं। आप सभी के बीच रहकर आप लोगों के द्वारा दिए गए सुझाव को जल्द से जल्द पूर्ण करवाऊंगा। भविष्य में गीदम नगर के विभिन्न स्थानों में भी इस प्रकार चाय पर चर्चा कर समस्या का समाधान निकालना हैं। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवीन विश्वकर्मा, रजनीश सुराना व्यापारी संघ अध्यक्ष, श्याम सिंह, अजय अवस्थी मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, दिनेश कौशल, विवेक सिंह अध्यक्ष यूथ क्लब गीदम, सुजीत सिंह, हरमिंदर सिंह, अनीश जॉर्ज, आदर्श ओसवाल, अभिनव तिवारी, चंदन राय, मोनू दास, विकास सिंह, नीरज शर्मा, रोशन शर्मा, कृष्णा शर्मा, राहुल सोनवानी, यशवंत निषाद समेत अन्य युवा साथी उपस्थित रहे।

# निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर



*कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग पाण्डेय ने लोकसभा निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने जिले में व्यापक रूप से लॉजिस्टीक, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज ली। इस दौरान कलेक्टर ने सभी मतदान दलों को सकुशल मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने, उनकी वापसी, ईव्हीएम मशीनों की सुरक्षा, संवेदनशील मतदान केन्द्रों की सुरक्षा सहित सम्पूर्ण निर्वाचन के दौरान व्यापक रूप से सुरक्षा व्यवस्था प्रदान कर शांतिपूर्ण मतदान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा का मतदान 19 अप्रैल को होगा जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। बैठक में विक्रम सिंह कमाण्डेंट 108 बटालियन, किशोर कुमार कमाण्डेंट 170 बटालियन, विनोद कुमार मोहिरिल कमाण्डेंट 122 बटालियन, राजीव कुमार कमाण्डेंट 153 बटालियन, हरिओम सागर द्वितीय कमान अधिकारी, कुलदीप सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, मनोज कुमार त्रिपाठी द्वितीय कमान अधिकारी, संजय कुमार सिंह उप सेनानी, संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी सहित सभी अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण शामिल थे।*

**एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर दी पर्व की शुभकामनाएं**

# नगर में धूमधाम से मना रंगों का पर्व होली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम





भाईचारे और रंगों का पर्व होली सोमवार को नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचल में भी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रंगों के इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह और उमंग देखने लायक था। रंगों के पर्व होली पर युवाओं की टोली जहां लोगों को रोक-रोककर रंग-गुलाल लगाते दिखी। वहीं गली-मोहल्लों में लोगों ने नगाड़ों की थाप पर फाग गीत गाते हुये होली मनाया। रविवार की रात्रि नगर में सभी मुख्य जगहों शिशु मंदिर परिसर, पुराना बस स्टैंड, पुराना बाजार, हारम पारा, पीडब्ल्यूडी पारा व अन्य जगहों में विधि-विधान से होलिका दहन किया गया व क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की गयीं।

होलिका दहन के बाद मध्य रात्रि से ही लोगों के द्वारा एक दूसरे को होली की बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया और दूसरे दिन तक यह दौर चलता रहा। सोमवार की सुबह से ही लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते होली की खुशियां बांटते दिखें। नगर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों ने रंगों के पर्व होली को अपने-अपने अंदाज में धूमधाम से मनाया। छोटे-छोटे बच्चों को पिचकारियों एवं अलग-अलग रंगों के अबीर-गुलाल के साथ एक दूसरे को रंग में रंगते हुए देखा गया। नगर में सुबह से ही चौक चौराहों पर युवाओं की टोली एक दूसरे को रंग गुलाल लगाती रही। बच्चे, बुजुर्ग, युवा सभी होली की मस्ती में डूबे रहे। कोई राह चलते लोगों पर पिचकारी की फुहार छोड़ रहा तो कोई पानी भरे गुब्बारे फेंकते हुए होली का आनंद ले रहा था। महिलाओं की टोली ने ढोल नगाड़ों के साथ घर-घर जाकर एक दूसरे को रंग लगाया और होली की शुभकामनाएं दी। बच्चों एवं युवकों ने भी सद्भावना पूर्ण होली का त्यौहार मनाते हुए अपने बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर होली की शुरूआत की। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के कारण बोर्ड कक्षा के विद्यार्थियों ने भी इस बार जम कर होली खेली।

### कायम रही शांति व्यवस्था

होली का त्यौहार होने के कारण प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर रखी थी। रंगों के पर्व होली के दौरान नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये जगह-जगह नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस के जवान तैनात किये गये थे। वहीं पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा शहर व आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से पेट्रोलिंग की गई,जिसके कारण नगर में शांति व्यवस्था कायम रही।

### परंपरानुसार किया होलिका दहन

गौरतलब है कि असत्य पर सत्य की जीत के स्वरूप में इस पर्व को मनाया जाता है। और सभी जगहों पर पारंपरिक रूप से होलिका दहन किया जाता है। इसी क्रम में नगर में भी होलिका दहन कर दूसरे दिन लोगों ने रंगों का पर्व होली मनाया।

**पेज 9 के शेष**

### होली खेलने के ...

के लिए उसके साथी जिला अस्पताल में लेकर पहुँचे। जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने जाँच करने के उपरांत उसके साथियों को बताया कि उसकी मृत्यु हो चुकी है। दोस्तों ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दिया। मृतक प्राइवेट कंपनी में काम करता था।

### असीम हत्याकांड में ...

गंभीरता से लिया जाता तो यह आरोपी उसी समय पुलिस के कब्जे में होता और आज जेल में होता। पुलिस का कहना है कि उस समय पुख्ता सबूत नहीं मिले थे। जाँच में पुख्ता सबूत मिलने के बाद आरोपी प्रदीप हालदार को 24 मार्च को गिरफ्तार किया गया और उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

पखांजुर थाना में अपराध क्रमांक 04/2024 के तहत धारा 302, 34, 120बी भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट के दर्ज मामले में पूर्व में 13 आरोपी नीलरतन, सौमेन मण्डल, जयंत विश्वास, गोपी दास, बप्पा गांगुली, विकास पाल, जितेन्द्र बैरागी, रीपन सदीयाल, सुरजीत बाला, समीत मांझी, तपन मण्डल, आरोपी विकास तालुकदार, सोनु साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया, जो जिला जेल कांकेर में बंद है।

### 3 विस के ईवीएम ...

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी कांकेर अरूण वर्मा एवं ईव्हीएम के नोडल अधिकारी आस्था बोरकर उपस्थित रही।

### स्लीपर सेल की तरह...

तो इलेक्शन कमीशन को मतपत्र से चुनाव कराना, उनकी बाध्यता हो जाएगी। पाटन में 384 से अधित फार्म भरेंगे, यह प्रस्ताव अभी हुआ है।

पूर्व सीएम ने कहा कि मुझ पर भी एफआईआर दर्ज हो चुकी है और दिल्ली के सीएम केजरीवाल को जेल भेज दिए, यह फेयर चुनाव नहीं हो रहा है।

डराकर, धमकाकर और बदनाम करके चुनाव लड़ा जा रहा है। केंद्र के सत्ता के दबाव में आकर ईडी और आईडी काम कर रही है। यह आने वाला समय बताएगा कि सत्ता का दबाव कितना था, इसका खुलासा आज नहीं तो कल जरूर होगा।

खबर संक्षेप



## युवक-युवती गोड़वाना समन्वय समिति गठित

**भानुप्रतापपुर।** गोडवाना समन्वय समिति क्षेत्र साल्हे में युवक युवती गठन किया गया। जिसमें क्षेत्र के संरक्षक शिव प्रसाद बोगा ने नव गठित सदस्यों आर्शिवाद देते हुये गोड़वाना समाज के रिती निति का पालन करते है सांस्कृति को बचाते हुए समाज को संगठीत करने एवं शिक्षा- स्वास्थय, पर्यावरण को बचाव करने की अपील किया। उन्होंने समाज को सदैव आगे रखते हुए समाज को मजबुत बनाने की बात कही।

गोडवाना युवा प्रभाग अध्यक्ष रोहित कोरेटी, उपाध्यक्ष-सोनू दुग्गा, सचिव-गोपाल दुग्गा, सहसचिव कोमल चन्द नुरूटी, कोषाध्यक्ष-मंगतू नेताम, मिडिया प्रभारी-सतीस दर्रो, युवती प्रभाग अध्यक्ष-अंजली कल्लो, उपाध्यक्ष-रेणू कावडे, सचीव अंकिता उइके, सहसचिव- सविता बोगा, कोषाध्यक्ष रानू टेकाम को चुना गया। इस समाजिक बैठक मे प्रमुख रूप से देवलाल नेताम, पुखराज आचला, जगदीश कोरेटी, सिया राम उइके, शंकर शोरी, साधूराम दुग्गा, विजय शोरी, जैतलाल गोटी, मंगल मंडावी एवं गोड़ाना समन्वय क्षेत्र साल्हे के सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 295 बच्चों के मुख की जांच कर दंत किट का वितरण



**चारामा।** राष्ट्रीय मुख्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रानी दुर्गावती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा के द्वारा जनपद स्कूल, प्राथमिक और माध्यमिक शाला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिनके द्वारा बच्चों के पालकों को स्वास्थ्य कार्यक्रम में 295 बच्चों के मुख का परीक्षण कर दंत किट बाँटा गया। कार्यक्रम में बीएमओ लखन लाल जुर्री की उपस्तिथित में दंत चिकित्सक डॉ. पम्मी शर्मा के द्वारा दांतो की सफाई, मसूड़ों से खून आना, मुंह से दुर्गंध आना, दांतो मैं झनझनाहट होना, तंबाकू गुटखा से मुंह में होने वाले नुकसान, फाइब्रोसिस की जानकारी दी गई। मुंह एवं दांतो में किसी भी प्रकार की दिक्कत या समस्या आने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या दंत चिकित्सक से जांच कराने की बात कही। बच्चों से प्रतिदिन सुबह और रात को खाना खाने के बाद दांतो को ब्रश से साफ करने को कहा और सही तरीके से ब्रश करने का तरीका बताया गया। कार्यक्रम में स्कूल के एचएम शशि ठाकुर, शिक्षिका हेमलता देवांगन, एचएम लोचन यादव सहित सभी शिक्षक, यादेश्वर महावीर, दंत सहायक उपस्थित रहे।

## अवैध शराब बरामद दो आरोपी गिरफ्तार

**भानुप्रतापपुर।** आबकारी विभाग की लापरवाही अवैध शराब के साथ दो लोग गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति सफेद थैला में बीयर एवं अंग्रेजी शराब भरकर बिक्री करने बसंतनगर तरफ आ रहा है। पुलिस ने पुराना फारेस्ट नाका बसंतनगर पहुंचकर नाका के पास घेराबंदी कर दबिश दिया और सुंदर लाल यादव पिता स्व. दर्शन यादव उम्र 59 वर्ष निवासी नेहरूनगर भानुप्रतापपुर को 07 बाटल बडवाईजर मेगनम बीयर एवं 01 बाटल अंग्रेजी शराब विस्की मेकडावल नं. 01 कीमती लगभग 2460 रूपये के साथ गिरफ्तार किया है।इसी तरह मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति भूरे रंग के थैला में अंग्रेजी शराब बिक्री करने ग्राम छोटे नारायणपुर की ओर ले जा रहा है कि नारायणपुर राशन दुकान के सामने मेन रोड पहुंचकर घेराबंदी कर दबिश दिया और निरज कुमार उयके पिता जन्तू राम उयके उम्र 28 वर्ष निवासी सराईपारा चिचमर्रा को 29 पौवा शीशी कुल अंग्रेजी शराब गोवा विस्की 5.220 लीटर कीमती लगभग 3480 रूपये के साथ गिरफ्तार किया है।

### बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

# नकदी, आभूषण, मदिरा और सामान के अवैध परिवहन पर रहेगी निर्वाचन आयोग की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण

- लेन-देन वाले खातों की जानकारी बैंकर्स तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में लाए



इकाइयों की कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने बैठक लिया। उन्होंने बैठक में कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए ईईएम की इकाई पूरी सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस दौरान नकदी, आभूषण सहित विभिन्न प्रकार के अवैध लेन-देन व परिवहन पर टीमें सतत व सघन निगरानी करें।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा पुलिस विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों से किसी भी प्रकार के अवैध परिवहन को रोकने के लिए अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला सीमाओं पर पुलिस, वन विभाग एवं राजस्व विभाग के चेकपोस्ट में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। मुख्यमार्ग के साथ-साथ ऐसे अंदरूनी इलाके जहां से अंतर्जिला की सीमा लगी हो, पर फ्लाइंग स्क्वॉड की टीमें लगातार निगहबानी करें। उन्होंने सभी एफएसटी दलों के प्रतिदिन की रिपोर्टिंग प्रस्तुत करने के निर्देश अपर कलेक्टर एस अहिरवार को दिए। इसी तरह आबकारी विभाग को अवैध शराब बिक्री, परिवहन व भण्डारण पर रोक लगाने के साथ-साथ मदिरा दुकानों में भी होने वाली बिक्री की नियमित मॉनिटरिंग कर स्टॉक रजिस्टर का मिलान करने व संदिग्ध लेन-देन का परीक्षण करने के लिए जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया। जिला निर्वान अधिकारी ने बैठक में एफएसटी व एसएसटी दलों के संबंध में कहा कि वे किसी से शिकायत मिलने का इंतजार न करके निर्वाचन क्षेत्रों में लगातार दौरा कर सतत निगरानी करते रहें और प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने सभी चेकपोस्ट में स्थैतिक निगरानी एवं उड़नदस्ता दल द्वारा की जाने वाली सभी कार्यवाहियों की वीडियो रिकार्डिंग सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही निरीक्षण दल यह भी प्रयास करने के लिए निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोकेशन कव्हर हो जाएं। इसके अलावा बैठक में यह बताया गया कि किसी भी बैंक खाते से 10 लाख रूपए से अधिक नकदी एवं सामान के परिवहन की जानकारी मिलने पर तत्काल आयकर विभाग के संज्ञान में लाया जाकर आगे की कार्यवाही की जाएगी। ऐसे लेन-देन वाले खातों की जानकारी बैंकर्स के द्वारा तत्काल जिला निर्वाचन अधिकारी के संज्ञान में लाया जाएगा।

बैठक में डीएफओ आलोक बाजपेयी, एएसपी मनीषा ठाकुर, सहायक कलेक्टर प्रखर चंद्राकर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक मारबल सहित व्यय अनुवीक्षण समिति से संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### वैध दस्तावेज रखने दी हिदायत

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान विभिन्न दलों के द्वारा आने-जाने वाले वाहनों की सघन जांच की जाएगी और संदेह के आधार पर वाहनों की चेकिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि 50 हजार रूपए से अधिक की नकदी, ज्वैलरी एवं अन्य सामान जो निष्पक्ष निर्वाचन को प्रभावित करने वाला प्रतीत हो अथवा संदेहास्पद लगे, के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी कीमती सामान रखने पर उसका बिल अथवा पक्की रसीद व अन्य वैध दस्तावेज अनिवार्य रूप से साथ में रखें। दस्तावेज के अभाव में संबंधितों के विरूद्ध भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी। अतः अनावश्यक परेशानियों से बचने के लिए वे अपने साथ वैध दस्तावेज जरूर रखें। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन अवधि में सामूहिक भोज, भण्डारा आदि के लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी से अनुमति लेना आवश्यक होगा। साथ ही ऐसे आयोजन का उद्देश्य किसी राजनीतिक लाभ के लिए तो नहीं किया जा रहा, इसका परीक्षण करने के बाद ही एआरओ द्वारा अनुमति प्रदाय की जाएगी।

## आत्मानंद स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में विगत शनिवार को लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान कराने विद्यालय के 600 विद्यार्थियों व शिक्षकों को मतदान के प्रति घर मे निवासरत मतदाता, आसपास निवासरत मतदाता, अपने सम्बन्धी और छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में छात्रों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता शपथ दिलाई गई। इस दौरान संजय वस्त्रकार मास्टर ट्रेनर द्वारा छात्र-छात्राओं से अपील की गई कि वे अपने परिवार व आसपास के लोगों के पास जाकर उन्हें मतदान का महत्व समझाएं, ताकि मतदान के प्रति लोग जागरूक हों और साथ ही मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्रीधर दास ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व में प्रत्येक मतदाता महत्वपूर्ण है और मतदान प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित हो तभी स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। विद्यालय के समस्त बच्चों को मतदान के अहमियत की जानकारी देने के साथ ही उसके महत्व से उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर मनीष गौतम, श्रुति कृति पांडे, हरीश नागराज, वासु शंकर सिन्हा, प्रमोद कुमार यादव, डिकेश पटेल, पूजा हलदर, दीपा बाउल, वंदना पोटाई, सीमा, पंकज निषाद, किरण मरकाम, तनु नायक सहित समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## कुएं में मिली युवती की लाश, इलाके में सनसनी



**भानुप्रतापपुर।** नगर के सलिहापारा स्थित रत्नेश सिंह घर के पास कुएं में एक युवती की लाश मिली है। कुएं में लाश मिलने की खबर से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस मौके पर पहुँचकर शव को बाहर निकाला। लाश की शिनाख्त देर रात को हुई है। बताया जा रहा है युवती अंतागढ़ के लामकन्हार की है। यहां संस्कार वैली स्कूल के पास एक घर मे किराए में रहती थी। पुलिस ने मृतिका की पहचान होने पर जानकारी परजीनो को दिया और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौपा दिया। मृतिका का नाम दीपिका नाग बताया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतका वही लड़की है जो लगभग दो से तीन वर्ष पूर्व नाबालिग रहने के दौरान सामुहिक दुष्कर्म होने का आरोप लगाई थी जिसमें एक एसआई समेत 5 लोग जेल गए थे। बताया जा रहा है घटना सोमवार शाम की है पानी मे जोर से आवाज होने पर आसपास के लोगों ने कुँए में झांककर देखा और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

## ईपिक कार्ड सहित 12 अन्य पहचान पत्र से किया जा सकता है मतदान

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदाता पहचान पत्र ईपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्र दिखाकर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई है। आयोग द्वारा सभी निर्वाचकों को निर्वाचक फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी किया गया है, जिसे दिखाकर मतदान केन्द्र पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने बताया कि ऐसे मतदाता जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें आयोग द्वारा अनुमति दी गई 12 प्रकार के वैकल्पिक पहचान पत्रों में से कोई एक पहचान पत्र मतदान केन्द्र में प्रस्तुत करना होगा। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़ गए हैं वे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर अपने मतदाधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा। इन 12 प्रकार के वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक शामिल है। इसके अलावा श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र-राज्य सरकार लोक उपक्रम या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी यूडीआईडी कार्ड शामिल हैं। इसी तरह ऐसे प्रवासी मतदाता, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है।

## मामूली बात पर छोटे ने बड़े भाई से की मारपीट

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत बेवरती में छोटे भाई ने स्कूटी की बात को लेकर अपने बड़े भाई के साथ गाली गलौज किया और हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे बेवरती निवासी 27 वर्षीय विनय नेताम पिता श्याम सिंह नेताम ने पुलिस को बताया कि मैं रोजी मजदूरी का काम करता हूं और 25 मार्च को दोपहर 12 बजे अपनी बुआ की स्कूटी को लेकर अपने दोस्त मुकुंद नेताम के यहां गया था और शाम 4 बजे अपने दोस्त मुकुंद नेताम के साथ अपने घर आया। मैं फिर अपने दोस्त को छोड़ने नयापारा जाने के लिए बुआ की स्कूटी को निकाल रहा था, उसी समय मेरा छोटा भाई अरूण नेताम आया और मुझसे कहने लगा कि बुआ के स्कूटी को मत ले जाओ और ऐसा कहते हुए मैने कहा कि दोस्त को छोड़कर आता हूँ। मेरे छोटे भाई अरूण नेताम ने इसी बात को लेकर घर के सामने ही गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। मैने मारपीट करने के लिए मना किया तो और ज्यादा मारपीट किया। छेटे भाई के द्वारा मारपीट किए जाने से मेरे बांए आंख, दाहिने हाथ, सिर के पीछे चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी छोटे भाई के खिलाफ धारा 294, 323 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## झाड़ काटते समय डंगाल गिरने से मोटरसायकिल सवार की मौत

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत तुमरीटोला के नाला के पास झाड़ काटने के दौरान झाड़ की डंगाल गिरने से झाड़ के नीचे से निकल रहे बाईक सवार के ऊपर झाड़ गिर गया जिसमें एक की झाड़ में दबने से मौत हो गई थी।

पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया ओर विवेचना के उपरांत दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। विवेचना अधिकारी ने जाँच में पाया कि तुमरीटोला के नाला पास 19 मार्च को सुबह साढ़े 8 बजें पाऊरखेड़स से मोटर सायकल में ईलाज करवाकर घर मर्रामपानी जाने के दौरान रास्ते में ग्राम तुमरीटोला के आगे घोघली नाला से 200 मीटर पीछे आरोपी लखन सिंह हुर्रा और धन्नू राम नायक दोनो रोड़ से लगे झाड़ को लापरवाही पूर्वक बिना किसी प्रकार का सूचना पटल एवं सांकेतिक चिन्ह के काट रहे थे, उसी समय मोटर सायकल में सवार होकर आ रहे रमेश कुमार उइके और अरूण कुमार उइके के ऊपर झाड़ गिर गया। मोटर सायकल के पीछे बैठे अरूण कुमार उइके के ऊपर झाड़ गिरने से गंभीर चोट आया था, जिसे मोटर सायकल से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुर्गुकोंदल ले जाया गया। ईलाज के दौरान अरूण कुमार उइके 19 मार्च को दोपहर साढ़े 12 बजें मौत हो गया।

## तूफान व ओलावृष्टि से किसानों की फसल हुई बर्बाद, मुआवजे की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छोटे कापसी

पखांजूर में 19 व 20 मार्च की रात अचानक बेमौसम आई तेज आंधी तूफान व ओलावृष्टि से देवपुर क्षेत्र के पीवी 01, 02, 03 एवं गोंडाहूर क्षेत्र के अनेकों गांवों में मक्के की फसल को भारी क्षति पहुंची हैं। जिस कारण किसानों के चेहरे पर परेशानी का भाव देखा जा रहा हैं व सभी किसानों ने उधार, कर्ज, बैंक से ऋण लेकर खेती की हैं। किसान कर्ज चुकाने के लिए चिंतित है एवं शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग कर रहे हैं।

पीवी 01 के किसान गोबिंद अधिकारी ने बताया की मैंने लगभग ढाई एकड़ में कर्ज लेकर तरबूज लगाया था। अब तरबूज लगभग तैयार होने की वाले थे कि अचानक हुई बेमौसम तेज आधी तूफान के साथ ओलावृष्टि ने पूरी तरबूज की फसल को बर्बाद कर दिया। मुझे अब कुछ समझ नही आ रहा कि क्या होगा व कर्ज कैसे चुकाऊंगा एवं शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग करते है। किसान विकास सरकार, मनोरंजन मंडल, चिरोजित दास, गुरुपद गोलदार, माखन स्वर्णकार, निमाई सन्यासी, नरोत्तम सरकार, अपुरुवे मंडल, चितो हालदार, लखन अधिकारी, प्रमोद गोलदार, अर्जुन हालदार समेत किसानों की हजारों एकड़ मक्का फसल बर्बाद। पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मंतूराम पवार किसानों के खेतों में पहुँचे एवं बर्बाद हुई फसलों का मुआयना कर खेत से ही एसडीएम, तहसीलदार से बात कर नुकसान का आकलन कर मुआवजा प्रकरण तैयार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस विषय परिस्थितियों में मैं आप सभी क्षेत्र के किसानों के साथ खड़ा हूँ क्योंकि मैं भी एक किसान पुत्र हूँ। प्राकृतिक आपदा के कारण क्षेत्र के किसान आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो जाते हैं मैं भलीभांति जनता हूँ।

इस संबंध पर पखांजूर एसडीएम अंजोर सिंह पैकरा ने बताया कि एक गांव में दो, तीन पटवारी को भेजकर जल्द से जल्द फसलों के नुकसान का आकलन कर मुआवजा प्रकरण तैयार किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व कापसी मंडल अध्यक्ष जंगबधु विस्वास, उप सरपंच देवपुर एवं भाजपा कार्यकर्ता मनोज मंडल, संजय कीर्तनिया, पीवी 01 ग्राम प्रमुख सुबल हालदार, विकास सरकार, लखन अधिकारी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## स्कूटी और बाइक में भिड़ंत, एक की मौत

*__भानुप्रतापपुर।__ कोरर थाना में कल 24 मार्च को प्रार्थी उमाशंकर लालवानी पिता स्व. शंभू कैलाश लालवानी उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम उमरादाह ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 19/03/2024 को मेरे पिताजी स्व. शंभू कैलाश लालवानी ग्राम रानवाही भानुप्रतापपुर से वाहन ऐक्टीवा शोल्ड पर मौसी म रमशीला को एवं डायमन छोटे बच्चे के साथ ऐक्टीवा वाहन को चलाते हुए आ रहे थे जो ग्राम भैराडीह नाला मोड के पास पहुंचे थे की सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी.19 बी.एन.-4959 के चालक ने मोटर सायकल को तेज गति व लापारवाही पूर्वक चलाते हुए मेरे पिताजी के ऐक्टीवा को टक्कर मारकर एक्सीडेंन्ट कर दिया जिससे ऐक्टीवा पर बैठे मेरे पिताजी मौसी मां और छोटा बच्चा गिर पडा फिर फिर ग्रामीणों द्वारा ऐम्बूलेश से धनेलीकन्हार अस्पताल लेकर गए वहां से रिफर करने पर जिला चिकित्सालय कांकेर लेकर गए वहा पर भी डक्टर द्वारा रेफर करने से मेडलाईफ अस्पताल रायपुर लेकर गए वहां पर डक्टर ने देख कर पिताजी को मृत्यु होना बताए। पुलिस ने प्रार्थी के लिखित आवेदन पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है।*

### सुबह से दोपहर तक नगर में समूहों में होली मनाई गई

# शहर और ग्रामीण अंचलों में फाग की मची धूम, रंग-गुलाल की वर्षा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

शहर के साथ ग्रामीण अंचलों में रंगों का त्योहार होली धूमधाम से मनाया गई। नगर से गांव की सड़कों पर युवाओं की टोलियां रंग खेलते और डीजे पर होली के गीतों पर शाम तक झूमते नजर आई। अधिकांश लोग इस बार गुलाल से ही होली खेलते दिखाई दिए। सोमवार की सुबह से ही युवाओं व बच्चों ने होली का धमाल मचाना शुरू कर दिया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में ओर रंग बरसे चुनरवाली रंग बरसे, होली के दिन दिल मिल जाते हैं, रंगों में रंग खिल जाते हैं, होली होली आई देखों होली आई रे, आदि गीतों की धुन पर जगह-जगह युवा थिरकते नजर आए। सुबह से रंग खेलने के साथ शुरू हुआ तो होली खेलने का सिलसिला शाम तक चला। लोगों एक दूसरे के घरों पर पहुंचे और गले मिले। घरों में होली का मुख्य पकवान गुझिया के साथ तरह-तरह के तैयार किए व्यंजनों से आगंतुकों का स्वागत किया गया। रंगों का त्योहार होने के कारण शहर में बाजार बंद रहा।

### घरों से लेकर सड़कों तक पर दिखी होली का उमंग

रंग,गुलाल से एक- दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में थे। होली शांतिपूर्ण रहीं कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। होली की उमंग रविवार से ही दिखने लगा था। रविवार की शाम होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। सुबह होते- होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। बच्चों की मस्ती तो रविवार शाम से ही दिखने लगी थी। होली है होली है की गूंज हर गली, हर मुहल्ले में गूंजने लगी। बच्चे सुबह होने का इंतजार करने लगे। सुबह 10 बजे के बाद हर कोई होलियाना मुड़ में नजर रहा था। होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धून पर लोगों का जो थिरकना शुरू हुआ वह शाम तक जारी रहा।

## खबर संक्षेप

### चारामा भाजपा मंडल के अध्यक्ष का बने ओमप्रकाश

**चारामा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के अनुसंसा व जिला संगठन प्रभारी यशवंत जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश लाटिया की अनुमति से भाजपा मंडल चारामा अध्यक्ष के लिए ओम प्रकाश साहू को भारतीय जनता पार्टी ने चारामा मंडल अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। मंडल अध्यक्ष प्रकाश जोतवानी के आकस्मिक निधन के बाद मंडल अध्यक्ष चारामा का पद रिक्त था।



### सिंहारी का दो दिनी वार्षिक मेला 7 से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम सिंहारी का दो दिवसीय वार्षिक मेला 7 और 8 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। ग्राम गायता शिवलाल कल्लो, सोमजी दुग्गा, ग्राम पटेल झाड़ूराम कल्लो ने बताया कि मेला 7 और 8 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा एवं मेले में आसपास की देवी देवता, डांग डोली, गायता, पटेल, पुजारी व ग्रामीण शामिल होंगे।

### रानी मां मंदिर समिति की बैठक कल होगी

**चारामा।** ग्राम आंवरी परिक्षेत्र चारामा में जय रानी मां मंदिर समिति द्वारा 29 मार्च शुक्रवार समय दोपहर 1 बजे से स्थान मंदिर प्रांगण में बैठक रखा गया है, जिसमें पिछले क्वांर नवरात्रि पर्व का आय व्यय का हिसाब एंव पंचवर्षीय कार्य काल पूर्ण होने के पश्चात पदाधिकारियों का चयन होगा। साथ ही आगामी चैत्र नवरात्रि पर्व के संबंध में विशेष चर्चा किया जाएगा। बैठक में विशेष रूप से मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं भानुप्रतापपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक सावित्री मनोज मंडावी उपस्थित रहेंगी। उक्त जानकारी रानी मां मंदिर के पदाधिकारी हिरवेंद्र साहु, राजेश जैन और भूषण सिन्हा के द्वारा दिया गया।

### अंग्रेजी शराब जब्त आरोपी पकड़ाया

**कांकेर।** कोयलीबेड़ा थानांतर्गत ग्राम जिरामतराई निवासी जयराम बघेल पिता स्व. मोचीराम को पुलिस ने 26 मार्च को दोपहर डेढ़ बजें अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अपने कब्जे में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब मेकडॉल नम्बर 1 का एक बॉटल, प्रीमियम माल्ट विस्की एक बॉटल, 4 नग गोवा स्पेशल और 1 नग सिम्बा केन बीयर को रखा हुआ था। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## निधन

### मानसाय गावड़े

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम हानपतरी निवासी 51 वर्ष मानसाय गावड़े का निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वाथ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम हानपतरी में किया गया, जिसमें ग्रामवासी, रिश्तेदार उपस्थित थे। वे लोमेश कुमार गावड़े, देवेंद्र कुमार गावड़े पिता जी थे।



# पालक सम्मेलन व ग्रेजुएशन सेरेमनी में मॉडल एवं प्रोजेक्ट का किया प्रदर्शन

## पैराडाइज हायर सेकंडरी में समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

पैराडाइज हायर सेकेण्ड्री सीबीएसई स्कूल में वार्षिक पालक सम्मेलन एवं गेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें प्री प्राईमरी से मीडिल स्कूल के छात्र-छात्राएं अपने पालको के साथ उपस्थित हुए। गेजुएशन सेरेमनी में बच्चों को वार्षिक प्रोग्रेश रिपोर्ट प्रदान कर उन्हें अगली कक्षाओं के लिए प्रमोटेड किया गया एवं इस अवसर पर बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल एवं प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई।

कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य रश्मि रजक सभी शिक्षक, छात्र छात्राओं एवं पालकों की उपस्थिति में माता सरस्वती की पूजा अर्चना एवं वंदना से किया गया। अगली कक्षा में प्रवेशित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन एवं आर्शीवाद प्रदान किया गया, जिससे छात्र-छात्राओं की अध्ययन अध्यापन में अधिक रूची उत्पन्न हो एवं एक आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा प्राप्त करें। इस वार्षिक पालक सम्मेलन में प्रत्येक छात्राओं के सर्वांगीण विकास की चर्चा करते हुए अगली कक्षाओं की तैयारी एवं कार्य योजना आदि के बारे में बताई गई, जिसके फलस्वरूप 1 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले नए शिक्षण सत्र के लिए छात्र-छात्राएं अति उत्साहित हैं। स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिससे पढ़ने वाले कांकेर अंचल छात्र-छात्राएं अपना उज्जवल भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। इस अवसर पर पालको एवं छात्र छात्राएं के लिए सभी विषयों के मॉडल एवं प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई।



### 1000 माडल बनाए

जिसमें प्री प्राईमरी से हाईस्कूल तक के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांईस, मैथस, कम्प्युटर सभी भाषाओं एवं विषयों के वर्किंग मॉडल एवं प्रोजेक्ट बनाए गए थे, जिसे छात्रो ने अपने पालकों एवं अतिथियों को उसके कार्यो के बारे में विस्तार से बताया। छात्र-छात्राओं ने लगभग हजार की संख्या में मॉडल एवं प्रोजेक्ट बनाए। इस वृहद वार्षिक पालक सम्मेलन, ग्रेजुएशन सेरेमनी एवं प्रदर्शनी का आयोजन सम्पन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, मैनेजर योगेश रजक, उप प्राचार्य हरि गोलुगिरी, एडमिनेस्टेर हमीद खान एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अन्य स्टॉफ का योगदान रहा।

## निरीक्षण : मतदान दलों का प्रथम चरण का हुआ प्रशिक्षण

# सहायक रिटर्निंग आफिसर और एसडीएम ने प्रशिक्षण केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

- कांकेर लोकसभा की भानुप्रतापपुर विधानसभा में आयोजन

कांकेर लोकसभा के मतदान दलों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण 27 से 29 मार्च तक स्थानीय सेंट जोसफ स्कूल में प्रारंभ हुआ। प्रथम दिवस पी ठा सी न अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 01 का प्रशिक्षण हुआ।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार कांकेर लोकसभा के सहायक रिटर्निंग आफिसर एसडीएम भानुप्रतापपुर आस्था राजपूत के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण हुआ। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण सत्र में भानुप्रतापपुर की एसडीएम आस्था राजपूत ने सभी मतदान दल के अधिकारी- कर्मचारियों को निर्वाचन के कार्य को गंभीरता से करें और जो भी मन मे शंका हो उसका समाधान उपस्थित मास्टर ट्रेनरों से करें। मास्टर ट्रेनर द्वारा पूरी निर्वाचन की प्रक्रिया को बारीकी से समझाया गया। पीठासीन अधिकारी का दायित्व क्या होता है एवं पूरे मतदान प्रक्रिया को पीठासीन अधिकारी किस तरह से संचालित करेंगे इस बारे में बताया । साथ ही साथ पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक 01 उनके निर्वाचन कार्य से अवगत कराया। मतदान दलों को आज सभी 10 कमरों में प्रोजेक्टर में पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इसमें मतदान प्रक्रिया को विस्तार से दिखाकर समझाया गया। मतदान दलों के सभी अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि लोकतंत्र के सबसे बडे पर्व में आप सबकी डयूटी लगायी गयी है। मतदान प्रक्रया को बहुत गंभीरता से देखे और समझ लें किसी भी प्रकार के शंका लेकर यहां से बाहर न जाये जो भी सवाल हो उसका निदान करें। मास्टर ट्रेनर्स से जरूर पूछे। साथ ही साथ उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि चुनाव कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और राष्ट्रीय महत्व का है इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अतः सभी पूर्ण लगन एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

मतदान दल के प्रथम दिवस कुल 448 अधिकारी कर्मचारी की डयूटी प्रशिक्षण में लगायी गयी थी। प्रशिक्षण के दौरान सभी अधिकारी कर्मचारियों को एडीसी का आवेदन भराया गया जिससे वे भी मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा लें सके। प्रशिक्षण में सभी को ईव्हीएम प्रारंभ कर इसका पर्याप्त अभ्यास कराया गया साथ माक पोल सीआरसी ,सीलिंग, मतपत्र लेखा और पीठासीन की डायरी सीआरसी और क्लोज बटन आदि पर ज्यादा जोर देकर समझाया गया।

### भानुप्रतापपुर विधानसभा में 266 मतदान केंद्र

भानुप्रतापपुर विधानसभा में कुल 266 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें से भानुप्रतापपुर तहसील में 99 चारामा तहसील में 105 एवं दुर्गुकोंदल तहसील में 62 मतदान केंद्र बनाये गये है। जिसमे से आयोग द्वारा प्रत्येक विधानसभा में 10 संगवारी मतदान केंद्र बनाये गये है जिसमें केवल महिला कर्मचारी डयूटी करेंगी। साथ ही युवा प्रबंधन मतदान केंद्र, दिव्यांग मतदान केंद्र एक- एक बनाया गया है।

### ये हुए शामिल

आज के प्रशिक्षण में तहसीलदर सुरेंद्र उर्वशा,प्रशिक्षण प्रभारी सदे सिंह कोंमरे,, एस.पी.कोसरे बीईओ दुर्गुकोंदल,टिकेश्वर सिंह ठाकुर जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर , मास्टर ट्रेनर्स मनीष गौतम, नुमेश सोनी, निरंकार श्रीवास्तव, संजय वस्त्रकार, अविनाश सिंह के साथ साथ 20 मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

# शहीद आजम भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू का मनाया शहादत दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छोटे कापसी

क्रांतिकारी विचार मंच इकाई पखांजुर द्वारा पखांजुर के भगत सिंह चौक में शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की 93 वीं शहादत दिवस मनाई गई। भगत सिंह चौक पखांजुर में क्रांतिकारी विचार मंच के कार्यकर्ता और अन्य साथियों ने भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर मोमबत्ती जलाकर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की 93 वीं शहादत दिवस पर भगत सिंह चौक में इंकलाब ज़िंदाबाद, साम्राज्यवाद मुर्दाबाद, समाजवाद जिंदाबाद, शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु अमर रहे के नारे लगाए। क्रांतिकारी विचार मंच से चमन बक्शी, आरआर भुआर्य, हरपाल सिंह, बासुदेव दास, तपन कुमार रॉय, कृष्णपाल राणा, हरपाल सिंह, आदिवासी छात्र, युवा संगठन से विनोद कुमेटी ने भगत सिंह, सुखेदव, राजगुरु की जीवनी और इनके समाजवादी, साम्यवादी विचारों पर चर्चा किया गया। इनके विचारों को लोगों तक पहुंचाने और उसे अमल पर लाकर इनकी अधूरी लड़ाई आर्थिक असमानता द्वारा, मनुष्य द्वारा मनुष्य के शोषण के खिलाफ़, धार्मिक कट्टरपन, अंधविश्वास, जातिवाद, छुआ छूत के खिलाफ़ इस लड़ाई को आगे बढ़ाने को कहा। कार्यक्रम में निमाई, चन्द्र राय, महेश्वर शर्मा, संतोष ठाकुर, शिवजी पांडे, नेगी, जैसमीन कौर, कृष्णा कौर, सतनाम कौर, ट्विंकल कौर, अमनदीप सिंह, गजेंद्र साहू, पवित्र घोष, संगीता रॉय, पासवान आदि उपस्थित रहे।

### पानी में डूबने से बुजुर्ग महिला की हुई मौत

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 5 निवासी 85 वर्षीय राधारानी पाल पति स्व. रामदयाल पाल का डूबने से 24 मार्च की रात पौने 10 बजें मौत हो गया। सिविल अस्पताल पखांजुर के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिक पानी में डूब गई थी। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया। ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# छग कांग्रेस 11 लोस सीटों पर उपयुक्त उम्मीदवार उतारने की स्थिति में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी ने छत्तीसगढ के कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के क्लीन स्वीप के दावे को हास्यास्पद बताया है। विधायक विक्रम उसेंडी ने दावा किया कि कांग्रेस छत्तीसगढ में 11 सीटों पर उपयुक्त उम्मीदवार उतारने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस ने ले-देकर सात उम्मीदवार घोषित किए है, लेकिन उनका भी विरोध शुरु हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित अन्य उम्मीदवारों पर बाहरी होने के आरोप लग रहे हैं।

विधायक विक्रम उसेंडी ने क्लीन स्वीप के दावे को हास्यास्पद बताते हुए कहा की बची हुई पांच सीटों में उम्मीदवार खड़े करने के लिए कांग्रेस को अपने नेताओं का मान मनौव्वल करना पड रहा है, क्योंकि वे सभी जानते हैं कि उनका चुनाव में हश्र क्या होना है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का यह अनुमान सहीं है कि इस बार चैंकाने वाले परिणाम आना तय है। प्रदेश में भाजपा को क्लीन स्वीप मिलने के साथ ही भाजपा इस बार 400 से अधिक सीटों के साथ केन्द्र में सरकार बनाएगी। कांग्रेस और इंडी गठबंधन को इस परिणाम के लिए तैयार रहना चाहिए। विक्रम उसेंडी ने कहा कि कांग्रेस का मुख्य एजेंडा देश को लूटना है, 70 वर्षों तक सत्ता में रहने के दौरान केवल लूटपाट मचाया। बडी घोषणाएं करके अब ये जैसे भी हो सत्ता में वापस आना चाहते हैं, लेकिन आम जनता इनकी बातों में आने वाली नहीं है। सच तो यह है कि कांग्रेस देश में अपने दम चुनाव लडने की स्थिति में नहीं है। तमाम विपक्षी दलों ने मिलकर जो इंडी गठबधन बनाया है, अभी उसका एजेंडा पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हुआ है। जो पार्टी पूरे देश में अपने दम पर चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है, वह सत्ता में आने पर बडे-बडे वायदे कर रही है। कांग्रेस को अपना और गठबंधन का पिछला प्रदर्शन नहीं भूलना चाहिए। कांग्रेस पिछली बार 52 सीटों में सिमटकर रह गई थी, तो पूरा गठबंधन 92 सीटों के आगे नहीं बढ पाया था। इस बार तो हालात पिछली बार की तुलना में ज्यादा बुरे हैं। पार्टी बिखराव की स्थिति में हैं, देश भर से नेता पार्टी छोडकर जा रहे हैं, आचार संहिता लगने के बाद भी आधे उम्मीदवार तय नहीं हो पाए हैं! ऐसे में घोषणाओं के दम पर चुनाव जीतने का सपना देखना मुंगेरीलाल के हसीन सपने से ज्यादा कुछ नहीं है।

विक्रम उसेंडी ने कहा कि घोषणावीर कांग्रेस के नेता पहले ये तो बताएं कि लोकसभा चुनाव में उनकी कितनी सीट आने वाली है। छग के कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट भी केवल पहले से बेहतर परिणाम देने की बात कह रहे हैं, क्या कांग्रेस यह बताने की स्थिति में है कि वह इस लोकसभा चुनाव में कितना बेहतर परिणाम दे सकती है। 70 वर्षों तक कांग्रेस ने देश की जनता को गरीबी हटाओ के नाम पर ठगा है।

## संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत 5700 पोस्टर-बैनर हटाए

**कांकेर।** निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर, पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिए थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति से 01 हजार 156 दीवार लेखन, 01 हजार 665 पोस्टर, 01 हजार 160 बैनर और 967 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। इसके अलावा निजी सम्पति अंतर्गत 370 दीवार लेखन, 210 पोस्टर, 171 बैनर और 01 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई हैं। इस प्रकार अब तक सार्वजनिक स्थलों से कुल 04 हजार 948 तथा निजी स्थलों से 752 सहित यानी कुल 05 हजार 700 पोस्टर-बैनर हटाए जा चुके हैं।

# लोकसभा चुनाव : नामांकन आज से 4 अप्रैल तक दाखिल कर सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर




कांकेर लोकसभा का मतदान दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को होगा। इसके लिए निर्वाचन की अधिसूचना का प्रकाशन आज 28 मार्च को होगा और नामांकन प्रकिया शुरू हो जाएगी और 4 अप्रैल तक नामांकन दाखिल कर सकते है। नाम निर्देश पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल और नाम वापिसी 8 अप्रैल तक होगा। मतदान के एक माह 7 दिन बाद 4 जून को मतगणना की जाएगी और इसी दिन परिणाम की घोषणा होगी।

जानकारी के अनुसार चुनाव आयोग ने 16 मार्च को लोकसभा चुनाव का विगुल फूंक दिया था और प्रथम चरण के तहत बस्तर लोकसभा का चुनाव होना है, जिसके नामांकन का 27 मार्च को अंतिम दिन था। दूसरे चरण के तहत कांकेर लोकसभा के साथ-साथ महासमुंद और राजनांदगांव का चुनाव होना है। कांकेर लोकसभा के लिए आज 28 मार्च से नामांकन दाखिल करने की प्रकिया शुरू हो जाएगी जो 4 अप्रैल तक चलेगी। नामांकन दाखिल करने की प्रशासन ने पूरी तैयारी कर लिया है और सभी को ड्यूटी में तैनात किया गया है। जिला कलेक्टर कार्यालय में आज से माहौल शुरू हो जाएगा। पहले दिन केवल नामांकन लेने वालें ही नजर आएंगी और एक से दो दिन बाद ही नामांकन जमा करने के लिए सामने आते है। कांकेर लोकसभा में 8 विधानसभा है जिसमें से कोंडागांव जिले की केशकाल विधानसभा, धमतरी जिले की सिंहावा विधानसभा, बालौद जिले की संजारी बालोद, डौंडीलोहारा, गुंडरदेही और कांकेर जिले की कांकेर, भानुप्रतापपुर व अंतागढ़ विधानसभा आते है। कांकेर लोकसभा में 2090 मतदान केंद्र है वहीं मतदाताओं की संख्या 16 लाख 50 हजार 6 सौ 92 है। सबसे ज्यादा मतदान केंद्र केशकाल में 290 है वहीं सबसे कम मतदान केंद्र अंतागढ़ विधानसभा में 221 है। मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक गुंडरदेही विधानसभा में 2 लाख 44 हजार 377 है वहीं सबसे कम अंतागढ़ विधानसभा में 1 लाख 76 हजार 866 हैं।

### 2019 में 12 ने दाखिल किया था नामांकन, नौ ने लड़ा था चुनाव

लोकसभा कांकेर 2019 के लिए 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था जिसमें 3 निर्दलीय प्रत्याशी, 3 राष्ट्रीय और 6 क्षेत्रीय पार्टी से थे। कांग्रेस से बीरेश ठाकुर, भाजपा से मोहन मंडावी, बसपा से सुबे सिंह ध्रुवा, शिव सेना से उमाशंकर भंडारी, अंबेडकराईट पार्टी से दुर्गा प्रसाद ठाकुर, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से घनश्याम जुर्री, जनशक्ति जन चेतना पार्टी से मंथन सिंह मरकाम, कांग्रेस से बगावत करने वाले जीवन ठाकुर, आप से नरेंद्र कुमार नाग, भाजपा से बगावत करने वाली पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, निर्दलीय मिथिलेश पिस्दा, निर्दलीय हरि सिंह सिदार ने नामांकन दाखिल किया था। अंत में भाजपा व कांग्रेस से बगावत करने वाले दोनो अभ्यर्थियों ने नाम वापिस ले लिया था और नौ प्रत्याशी मैदान में उतरे थे।

# करिहा में कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों को दी विदाई



**चारामा।** नवीन प्राथमिक शाला करिहा में कक्षा पहली से चौथी के छात्र-छात्राओं के द्वारा स्वयं से कक्षा पाँचवी के छात्र-छात्राओं को विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर कक्षा पहली से चौथी के छात्र-छात्राओं ने बिना शिक्षको की सहायता लिए सभी छात्र-छात्राओं ने कुछ पैसे इकठ्ठा कर पुरे स्कुल को सजाया एवं पाँचवी के बच्चों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया।

विदाई समारोह में सभी बच्चों ने अपनी ओर से स्कुल और शिक्षक शिक्षिकाओ के लिए गीत, संगीत, भाषण का वाचन किया। कक्षा पहली से कक्षा चौथी के बच्चों के द्वारा भी गीत की प्रस्तुति दी गई। वही इसी दौरान कक्षा पहली से कक्षा चौथी के छात्र-छात्राओं ने शिक्षको को धन्यवाद देते हुए 1 से लेकर 30 तक का पहाड़ा बिना रूके सुनाया जो कि सबसे आश्चर्य चकित रहा। संस्था के प्रधान पाठक घनाराम नागराज के द्वारा सभी पॉचवी के बच्चों का तिलक लगाकर उन्हे पेन भेट किया। इस अवसर पर उपस्थित विष्णु मेश्राम प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला करिहा, हाईस्कुल शिक्षिका रूखमणी कुर्रे, मीनाक्षी ठाकुर, खेमलता साहु, निहारिका शर्मा, विवेक सिंह ठाकुर, अभिषेक शर्मा के द्वारा बच्चों को सम्बोधित कर मन लगाकर पढने और अच्छे नागरिक बनने की बात कही।





